प्रेस नोट

मुख्यमंत्री जी से किया अनुरोध

किसानों की परेशानी के चलते के. सी. सी. की तारीख बढ़ायी जाये

विदिशा 17.02.2017

जिला सहकारी बैंक विदिशा के अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर शर्मा ने जिला सहकारी बैंक से संबद्व किसानों द्वारा खरीफ फसल हेतु लिये गये ऋण (के.सी.सी.) को जमा करने की तारीख जो इस वर्ष शासन द्वारा दिनांक **28 फरवरी 2017** निर्धारित की गयी है को बढ़ाये जाने हेतु मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया है। श्री शर्मा ने कहा कि जिले के किसानों द्वारा निरंतर बैंक से के. सी. सी. जमा करने की तारीख बढ़ाये जाने की मांग की जा रही है पंरतु शासन के आदेश के चलते बैंक स्तर पर तारीख बढ़ायी जाना संभव नहीं है।

श्री शर्मा ने आज एक अनुरोध पत्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवरांज सिंह जी चौहान को प्रेषित कर किसानों को होने वाली परेशानियां जिसमें मुख्य रूप से रबी फसल का तैयार न होना एवं इस वर्ष खरीफ की फसल अतिवृष्टि के कारण खराब होने की बात कही गयी।

बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने के सी सी जमा करने की तारीख को पूर्ववत दिनांक **28 मार्च** रखने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी को निर्देश प्रसारित करने हेतु अनुरोध किया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
विदिशा

प्रति,

प्रतिनिधि/ब्यूरो चीफ

दैनिक ....

विदिशा